A

709

समग्र शिक्षा केरल

FIRST TERMINAL EVALUATION 2023-24

पहला कार्यकालांत मूल्यांकन

कक्षा 7 | हिंदी | समय : 2 घंटे

सामान्य निर्देश :

- ✳ पंद्रह मिनिट का कूल ऑफ टाइम प्रश्न पत्र वाचन के लिए है।
- ✳ गतिविधि 1 का उत्तर लिखना अनिवार्य है।
- ✳ 2 से 6 तक की गतिविधियों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखें।

गतिविधि 1

सूचना : खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

रू रू कँगारू का बच्चा था। वह हमेशा रोता रहता था। माँ पूछतीं, 'भूख लगी है? प्यास लगी है? नींद आई है?' जवाब एक ही होता, 'रू रू रू'। इसलिए माँ ने उसका नाम ही रख दिया – रू रू।

क) रू रू कौन है?

अ) हाथी का बच्चा   आ) बिल्ली का बच्चा

इ) कँगारू का बच्चा   ई) गाय का बच्चा

ख) सही प्रस्ताव कौन-सा है?

अ) रू रू सदा हँसता रहता था।   आ) रू रू सदा खेलता रहता था।

इ) रू रू सदा रोता रहता था।   ई) रू रू सदा नाचता रहता था।

ग) 'रू रू' नाम किसने दिया?

अ) माँ ने   आ) पिता ने

इ) रू रू ने   ई) भाई ने

घ) 'भूख लगी है? प्यास लगी है? नींद आई है?' – यह किसने पूछा?

अ) बहन ने   आ) भाई ने

इ) माँ ने   ई) पिता ने

ङ) माँ ने बच्चे का नाम रू रू रखा, क्योंकि–

अ) रू रू हमेशा भूखा था।   आ) रू रू हमेशा प्यासा था।

इ) रू रू हमेशा सोता था।   ई) रू रू हमेशा रोता था।

गतिविधि 2

सूचना : 'गुलमोहर का जन्मदिन' पाठ का अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> "माँ मैं अपनी गुलमोहर की पाँचवीं वर्षगाँठ मनाऊँगी। मैं अपनी सहेलियों को दावत दूँगी।"

क) मीना किसकी वर्षगाँठ मनाना चाहती है?

ख) मीना अपनी सहेली नसीमबानू को दावत पर बुलाते हुए पत्र लिखती है। वह **पत्र** लिखें।

गतिविधि 3

सूचना : 'हम सब सुमन एक उपवन के' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

एक हमारी धरती सबकी
जिसकी मिट्टी से जन्मे हम
मिली न एक ही धूप हमें है
सींचे जाएँ एक जल से हम
पले हुए हैं झूल-झूलकर
पलनों में हम एक पवन के
हम सब सुमन एक उपवन के।

क) 'हमारी भूमि सबकी है।' – यह आशयवाली पंक्ति कवितांश से चुनकर लिखें।

ख) निम्नलिखित शब्दों के **समान अर्थवाले शब्द** लिखें।

पानी	
फूल	
हवा	
बगीचा	

पवन

सुमन उपवन

जल

गतिविधि 4

सूचना : 'अनमोल खज़ाना' पाठ का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

"अरे भाई! अपने शरीर को इतना मूल्यवान समझते तो तुम गरीब कैसे हो? जाओ, तुम्हारा शरीर ही एक अनमोल खज़ाना है, इसका उपयोग करो।" विक्रम की आँखें खुल गईं।

क) विश्वनाथ की बातें सुनकर किसकी आँखें खुल गईं ?

ख) विक्रम की उस दिन की **डायरी** तैयार करें।

सहायक बिंदु :

- विश्वनाथ के पास गया।
- जल्दी धन कमाने का उपाय पूछा।
- उपदेश मिला।
- मेहनत का महत्व समझा।
- परिश्रम करने का निश्चय किया।

गतिविधि 5

सूचना : 'हम सब सुमन एक उपवन के' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

रंग-रंग के रूप हमारे
अलग-अलग हैं क्यारी-क्यारी
लेकिन हम सबसे मिलकर ही
इस उपवन की शोभा सारी

क) उपवन की शोभा कैसे बनती है?

अ) सबके अलग-अलग रहने से आ) सबके मिलकर रहने से
इ) सबके अकेले-अकेले रहने से ई) सबके आलस रहने से

ख) हिंदी दिवस समारोह के अवसर पर द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी की कविता 'हम सब सुमन एक उपवन के' का दृश्याभास होनेवाला है। इसके लिए **पोस्टर** तैयार करें।

गतिविधि 6

सूचना : 'गुलमोहर का जन्मदिन' पाठ का अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> निर्मल, चंपा, कुलवंत, पुष्पा, नसीमबानू और शीला बातें करती चली आ रही हैं। सबके हाथों में उपहार हैं।

क) सबके हाथों में उपहार हैं। उपहार किसके लिए लाई हैं?

ख) मीना की सहेलियाँ गुलमोहर के जन्मदिन मनाने आई हैं। बिंदुओं की सहायता से मीना और निर्मल के बीच का **वार्तालाप** लिखें।

निर्मल	: मीना, दिखाओ तो, वह गुलमोहर कहाँ है?
मीना	: ....
निर्मल	: ....
मीना	: ....
निर्मल	: ....

सहायक बिंदु :

- जन्मदिन की बधाई हो गुलमोहर!
- आओ, आओ, यह देखो।
- सुनाओ, वह कहानी। हम सुनना चाहती हैं।
- इसकी एक कहानी है।